भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 966

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 29 जुलाई, 2024

07 श्रावण 1946 (शक)

पुरातात्विक संरचनाओं का संरक्षण

966. श्री विनोद लखमशी चावड़ा:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने दिल्ली कुतुब मीनार परिसर में स्थित हिंदू और जैन मंदिरों से संबंधित पुरातात्विक संरचनाओं के संरक्षण और उक्त मंदिरों में मूर्तियों के पुनरूद्धार के लिए उपाय किए हैं/कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): कुतुब मीनार परिसर में स्थित पुरातात्विक संरचनाओं का संरक्षण और परिरक्षण संबंधी कार्य आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है।

(ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान कुतुब मीनार परिसर में किए गए संरक्षण और रख-रखाव संबंधी कार्यों का ब्यौरा **अनुबंध-।** में संलग्न है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

अनुबंध- I

लोक सभा में दिनांक 29.07.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 966 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।
कुतुब मीनार परिसर में पिछले तीन वर्षों के दौरान किये गए संरक्षण एवं रखरखाव संबंधी कार्यों का विवरण

(लाख रुपयों में)

क्रम सं.	कार्य का नाम	व्यय 2021-22	व्यय 2022-23	व्यय 2023-24	कुल व्यय
1.	कुतुब परिसर की पश्चिमी दीवार के गिरे हुए हिस्से की मरम्मत	8.94	10.47	शून्य	19.41
2.	कुतुब परिसर में कुओं का संरक्षण	1.47	7.55	शून्य	9.02
3.	कुतुब परिसर में गुंबद का संरक्षण और धूपघड़ी क्षेत्र के चारों ओर रास्ते बनाना	1.96	7.97	शून्य	9.93
4.	कुतुब परिसर के पश्चिमी भाग में प्राचीन तालाब का संरक्षण	शून्य	2.19	4.57	6.76
5.	कुतुब परिसर में लौह स्तंभ के सामने कुव्वतुल इस्लाम मस्जिद मेहराब का संरक्षण	शून्य	शून्य	16.29	16.29
6.	विश्व धरोहर स्थल कुतुब मीनार पर साइनेज उपलब्ध कराना और लगाना	15.81	शून्य	शून्य	15.81
7.	कुतुब परिसर में पुराने शौचालय ब्लॉक (पुरुष और महिला) की मरम्मत और उन्नयन	शून्य	13.54	शून्य	13.54
8.	कुतुब परिसर, महरौली में मौजूदा परत पर बिटुमिनस सड़क उपलब्ध कराना और बिछाना	शून्य	शून्य	13.61	13.61
9.	कुतुब परिसर में इल्तुतमिश के मकबरे के पास रैंप उपलब्ध कराना और मलबा साफ करना	शून्य	6.32	शून्य	6.32
10.	कुतुब परिसर में पर्यटकों के अनुकूल लकड़ी के मार्ग की व्यवस्था और मरम्मत	16.04	1.92	शून्य	17.96
11.	कुतुब परिसर, महरौली , दिल्ली की दीवार के चारों ओर कंसर्टिना तार के साथ वाईएमएस पोस्ट उपलब्ध कराना और लगाना	11.56	13.14	शून्य	24.70

*****